



DR. YOGI AERON

Dr. Yogi Aeron is the Director of Outreach Centre of Resurge International (formerly known as Interplast, USA), founded in 1969 having its roots from Stanford University. Resurge has 13 Outreach Centers in 9 countries world over. One of these, is in Dehradun India, now known as YOGI' HELPING HANDS, and is one of their bests.

2. Born on 16th September, 1937, Dr. Yogi received MBBS degree from KGMC, Lucknow in 1967 and Masters in Plastic Surgery from Prince Wales Medical College and Hospital (PMCH) Patna in 1971. He served in Dehradun District Hospital as Plastic Surgeon from 1973-1976. After leaving Government job, he started private practice, but could not earn enough to support the family. His younger sister, a board certified neonatologist doctor, called him to USA. Her husband was H.O.D. in one of the prestigious teaching Medical College of California. Due to their support and hosting Dr. Yogi could visit different prominent Centers of Plastic Surgery in USA. Dr. Yogi preferred Dr. Millard in Miami Florida, who was the top most Plastic and Cosmetic Surgeon of the world of his times. He gives credit of his refinement, meticulousness to Dr. Millard. Dr. Yogi is practicing Plastic Surgery for last 53 years.

3. Since 1984 Dr. Yogi is providing free services to burn deformities and animal bites to poor patients in spite of increase in cost of consumables and tremendous increase in anaesthesiologist rate. He hires the anaesthesiologist for individual cases. Therefore, he has to tap different resources from time to time. His family members in US could convince American NGO Interplast now known as Resurge International, the only agency in the world which does free surgeries on burn patients in 8 different countries. He has hosted and organised 18 free camps with the visiting team of Resurge International since 2006 in Dehradun.

4. Dr. Yogi formed his NGO, Helping Hands Society in 2009 with the help of his USA based Engineer son Lauv Aeron and India based burn surgeon Dr. Kush Aeron. His whole Family helps and supports him in this humanitarian cause. For him, his patients are the priorities. He has been the President of Plastic Surgeons Association of Uttar Pradesh and Uttarakhand approximately for 3 years.

5. Dr. Yogi's "Helping Hands Centre" has now started "Training the Trainer" Programme with the help of visiting educators from USA. There would be certificate courses, fellowships etc. for doctors and para medicals. Main emphasis would be on burn therapy, burn care, rehabilitation, prevention and follow up care.

6. Dr Yogi is a recipient of prestigious Donald R. Laub Humanitarian Award in 2013. He has also been receiving awards in photography and painting since class 10th.





डॉ. योगी एरन

डॉ. योगी एरन 1969 में स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय में स्थापित रिसर्ज इंटरनेशनल (जिसे पहले इंटरप्लास्ट, यूएसए के रूप में जाना जाता था) के आउटरीच सेंटर के निदेशक हैं। दुनिया के 9 देशों में रिसर्ज के 13 आउटरीच केंद्र हैं। इनमें से एक केंद्र योगी हेलपिंग हैंड्स देहरादून, भारत में है जिसे उनके सर्वश्रेष्ठ केन्द्रों में से एक माना जाता है ।

2. 16 सितंबर, 1937 को जन्मे, डॉ. योगी ने वर्ष 1967 में केजीएमसी लखनऊ से एमबीबीएस की डिग्री और प्रिंस वेल्स मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) पटना से प्लास्टिक सर्जरी में मास्टर डिग्री प्राप्त की । उन्होंने वर्ष 1973 से 1976 तक देहरादून जिला अस्पताल में प्लास्टिक सर्जन के रूप में सेवा प्रदान की । सरकारी नौकरी छोड़ने के बाद, उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू की, किन्तु वे परिवार के भरण–पोषण लायक भी नहीं कमा पाते थे। इस स्थिति को देखते हुए, उनकी छोटी बहन जो बोर्ड प्रमाणित नियोनेटोलॉजिस्ट डॉक्टर थी, ने उन्हें अपने पास यूएसए बुलाया। उनके पति कैलिफोर्निया के एक प्रतिष्ठित चिकित्सा महाविद्यालय में विभागाध्यक्ष (एचओडी) थे। उनके सहयोग और मेजबानी की वजह से डॉ. योगी यूएसए के प्लास्टिक सर्जरी के विभिन्न प्रमुख केंद्रों का दौरा कर सके। डॉ. योगी ने मियामी फ्लोरिडा में अपने समय के दुनिया के शीर्ष प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. मिलार्ड से सीखने का निर्णय किया। वह अपनी दक्षता और प्रखरता का श्रेय डॉ. मिलार्ड को देते हैं। वह पिछले 53 वर्षों से प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

3. 1984 के बाद से चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों की लागत और एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के भुगतान में भारी वृद्धि के बावजूद भी डॉ. योगी जलने के कारण आई विकृति और जानवरों द्वारा काटे गए गरीब रोगियों को निःशुल्क सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं । हर मामले के लिए वे एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की सेवाएँ लेते हैं। इसलिए, उन्हें समय–समय पर विभिन्न संसाधनों को जुटाना पड़ता है। अमेरिका में उनके परिवार के सदस्य, अमेरिकी एनजीओ इंटरप्लास्ट जिसे अब रिसर्ज इंटरनेशनल के नाम से जाना जाता है, और जो अलग–अलग देशों में जले हुए मरीजों की मुफ्त सर्जरी करने वाली दुनिया की एकमात्र एजेंसी है, को समझाने में सफल रहे । उन्होंने देहरादून में 2006 से रिसर्ज इंटरनेशनल की विजिटिंग टीम के साथ मिलकर 18 निःशुल्क शिविर आयोजित किए हैं ।

4. डॉ. योगी ने 2009 में यूएसए स्थित अपने इंजीनियर बेटे लव एरोन और भारत स्थित बर्न सर्जन डॉ. कुश एरोन की मदद से हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी नामक एनजीओ का निर्माण किया। उनका पूरा परिवार इस मानवीय कार्य में उनकी मदद और सहयोग करता है। उनके रोगी उनके लिए प्राथमिकता हैं। वे तकरीबन 3 वर्षों तक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की प्लास्टिक सर्जन एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं।

5. डॉ. योगी के ''हेल्पिंग हैंड्स सेंटर'' ने अब यूएसए के विजिटिंग एजुकेटरों के सहयोग से ''ट्रेनिंग द ट्रेनर'' कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें डॉक्टरों और पैरा मेडिकल कर्मियों के लिए सर्टिफिकेट कोर्स, फेलोशिप आदि होंगे। इस कार्यक्रम के जरिए बर्न थेरेपी, बर्न केयर, पुनर्वास, निवारण और चिकित्सा उपरांत देखभाल पर बल दिया जाएगा ।

6. डॉ. योगी को 2013 का प्रतिष्ठित डोनाल्ड आर. लौब ह्यूमनिटेरियन अवार्ड प्रदान किया गया है । उन्हे 10 वीं कक्षा के बाद से फोटोग्राफी और पेंटिंग में भी पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं ।